हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 9 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान करना सेवा भाव का काम
4



**खबर संक्षेप**

### संभाग स्तरीय दो दिवसीय रोजगार मेला 12 से

**हसौद।** संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन गुरुवार 12 एवं शुक्रवार 13 फरवरी को होगा। संभाग स्तरीय रोजगार मेला के मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बिलासपुर क्षेत्र के लिए पंजीयन केन्द्र शासकीय आईटीआई हसौद में 12 एवं 13 फरवरी को बिलासपुर संभाग में संभाग स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। शासकीय आई टी आई हसौद के व्ही कश्यप ने युवाओं से रोजगार मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने कहा है।

### जमडी में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 15 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन रविवार 15 फरवरी को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। इस मेला का समापन गुरुवार 19 फरवरी को होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति का निर्वाचन 16 को

**सक्ती।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती की प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन सोमवार 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रियासोमवार को सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल द्वारा जिला शाखा सक्ती अंतर्गत आयोजित इस निर्वाचन कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सभी सदस्यों से अनिवार्य उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। उन्होंने सभी सदस्यों से सोमवार 16 फरवरी को निर्धारित समय पर उपस्थित होने अपील की है।

### धान नहीं बिकने से कर्रा सोसायटी क्षेत्र के किसान बैठे धरने पर

**जांजगीर-चांपा।** धान खरीदी नहीं होने से आक्रोशित कर्रा सोसायटी अंतर्गत ग्राम हरदी, दहिदा, कर्रा, बरबसपुर और आमानारा के किसान धरने पर बैठ गए हैं। किसानों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। नाराज किसानों ने धान उठाव को रोक दिया है, जहां खरीदी केंद्र के भीतर ट्रक खड़े हैं, वहीं किसान केंद्र के बाहर डेरा डालकर धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा बनाए गए नए नियमों के चलते उनका धान नहीं खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने साफ कहा है कि जब तक उनकी धान खरीदी नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। किसानों के समर्थन में कृषक चेतना मंच भी धरने पर बैठ गया है और शासन की नीति का विरोध कर रहा है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे में धान खरीदी बंद होना उसकी समस्याओं को और बढ़ा रहा है। धरनास्थल पर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव सिंह ने किसानों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का धान नहीं खरीदने के लिए तरह-तरह के नियम बनाए जा रहे हैं, जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। धान खरीदी तत्काल फिर से शुरू की जाए और जिन किसानों का धान किसी भी कारणवश नहीं बिक पाया है, उनका धान भी लिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

30 जून को किया था चक्काजाम, एम्बुलेंस चालक की रिपोर्ट पर कार्रवाई

## सड़क को लेकर सड़क पर उतरे विधायक समेत 12 गिरफ्तार, मुचलके पर रिहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खोखसा ओव्हरब्रिज से पीथमपुर तक जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर सड़क पर उतरे जांजगीर-चांपा विधायक और क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य समेत 12 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि जमानती अपराध होने के कारण सभी को कुछ ही देर में मुचलके पर रिहा कर दिया गया। यह कार्रवाई निजी एम्बुलेंस चालक की रिपोर्ट पर से हुई है।

इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 30 जून को खोखसा ओव्हरब्रिज के पास चक्काजाम हुआ था। दरअसल ग्रामीण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बद् से बद्तर हो चुकी खोखसा-जर्वे-पीथमपुर मार्ग की मरम्मत अथवा नई सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। इसको लेकर उनके द्वारा जांजगीर-चांपा मुख्य मार्ग पर खोखसा ओव्हरब्रिज के पास चक्काजाम किया गया। इस दौरान उपस्थित अफसरों ने शीघ्र सड़क की मरम्मत और उसके जीर्णोद्धार कराने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया।

वहीं दूसरी ओर मामले में निजी एम्बुलेंस चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आंदोलन में शामिल जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप समेत दर्जनभर लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए रविवार 8 फरवरी को पुलिस ने विधायक व्यास कश्यप और उनके साथ किसान नेता संदीप तिवारी, श्रीमती उत्तरा कश्यप, गोपाल कश्यप, व्यास टंडन, अरमान मोहम्मद, गिरधारी कश्यप, उमा राठौर, डंकेश्वर यादव, कमल कश्यप, योगेश कश्यप, संजय कुमार यादव को अपराध क्रमांक 604/ 2025 धारा- 191(2), 126(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। हालांकि मामला जमानती होने से जमानत/ मुचलका पर रिहा किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



सड़क की मांग को लेकर विधायक के साथ चक्काजाम करते ग्रामीण। फाइल फोटो-

**आश्वासन के बाद भी नहीं बदली सड़क की तस्वीर**

खोखसा-जर्वे होते पीथमपुर सड़क की बदहाल तस्वीर आंदोलन के 7 महीने बाद भी नहीं बदली। खास बात यह है कि जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जर्वे और खोखसा में जहां जिले के आला अफसरों के दफ्तर संचालित है। उन्हीं गांव के रहवासियों को जर्जर सड़क पर चलने विवश होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि जर्जर सड़क की मांग को लेकर आंदोलन करने पर तत्कालिक तौर पर आश्वासन तो मिला, लेकिन सड़क की तस्वीर आज तक नहीं बदली। जबकि दूसरी ओर चक्काजाम के मामले में पुलिसिया कार्रवाई जरूर हो गई।

## पुरानी रंजिश पर धारदार हथियार से युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

### नैला चौकी क्षेत्र के ग्राम सिवनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश पर धारदार हथियार से युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो नग चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त किया है। घटना नैला चौकी क्षेत्र के ग्राम सिवनी की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी (नैला) निवासी राकेश सूर्यवंशी ने रविवार 8 फरवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की इसका छोटा भाई रोशन सूर्यवंशी उर्फ छोटे दादू टेंट का काम करता है। शनिवार 7 फरवरी को गांव में टेंट का काम करने गया था। वह काम करके शाम को घर वापस आ गया था। रात्रि करीब 10 बजे अपने दोस्त परमेश्वर चौहान के साथ गांव के तालाब तरफ घूमने जाने की बात कहकर निकला। रात्रि करीब 11 गांव का परमेश्वर चौहान सूचना दिया कि नशा करने की बात पर अम्हातालाब के पास रोशन सूर्यवंशी से किसी बात को लेकर आशीष सूर्यवंशी और अतुल महंत का झगड़ा हो गया है। आशीष और अतुल ने रोशन सूर्यवंशी को हत्या करने की नीयत से चाकू से पेट में प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे रोशन मौके पर गिर गया। उसका भाई राकेश ने जाकर देखें तो उसका भाई रोशन सूर्यवंशी के पेट में गंभीर चोट लगा हुआ था। परिजनों के द्वारा तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी आशीष सूर्यवंशी उर्फ आशीष प्रधान और अतुल महंत के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इधर घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। आशीष सूर्यवंशी ने रविवार 8 फरवरी को नैला के रहने वाले यशवंत यादव को गाली-गलौज कर हत्या करने की नीयत से अपने पास रखें धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर घायल किया गया। प्रार्थी मनोज कुमार यादव की रिपोर्ट पर आरोपी आशीष सूर्यवंशी के विरुद्ध पृथक से हत्या का प्रयास करने का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों आरोपी घटना कारित करने के बाद से लगातार फरार थे। अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सीएसपी कोतवाली सुश्री योगिता बाली खापर्डे को दिया गया। अधिकारियों के निर्देश पर साइबर थाना तथा कोतवाली एवं नैला से एक संयुक्त टीम आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना की गई। टीम के द्वारा अलग-अलग स्थान से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया तथा पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग धारदार चाकू जप्त किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली जयप्रकाश गुप्ता, साइबर थाना प्रभारी सागर पाठक, नैला चौकी प्रभारी भवानी सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक सफील्ला, प्र आरक्षक रूद्र, डीकेश्वर साहू, राज कुमार चंद्रा, विवेक सिंह, माखन साहू, प्रदीप दुबे, श्रीकांत सिंह, प्रतीक सिंह, साहबज खान का विशेष योगदान रहा।




पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

## अलग-अलग जगहों से फरार 10 वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कॉम्बिंग गश्त में के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग अलग जगहों से एक ही रात में 8 गिरफ्तारी वारंटी एवं 2 फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में बीती रात पुलिस ने विशेष दबिश एवं कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान थाना जांजगीर पुलिस द्वारा 4 गिरफ्तारी वारंटी, थाना बलौदा से 1 गिरफ्तारी वारंटी, थाना पामगढ़ 1 गिरफ्तारी वारंटी, थाना नवागढ़ 6 गिरफ्तारी, थाना शिवरीनारायण 1 स्थाई वारंटी, थाना बिर्रा 2 गिरफ्तारी वारंटी एवं 1 स्थाई इस प्रकार पुलिस टीमों ने 10 फरार वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। रातभर चले इस अभियान में पुलिसकर्मियों ने पूरी सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सफलता प्राप्त की। जांजगीर - चांपा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।



### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

**जांजीगर-चांपा।** बलौदा पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने रेड कार्रवाई कर ग्राम चारपारा वार्ड नंबर 12 थाना बलौदा निवासी बहोरिक सिंह कंवर उम्र 46 वर्ष को पकड़ा। उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 2 हजार रुपए बताई जा रही है। सबूत पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन, सात वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह क्षेत्र ग्राम पंचायत पुछेली में चल रहे अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर चाम्पा एसडीएम व बम्हनीडीह तहसीलदार ने पुलिस के साथ मिल कर हसदेव नदी में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान सात वाहनों पर कार्रवाई की गई।

- **एसडीएम तहसीलदार ने पुलिस के साथ मिल पर की कार्रवाई**

मिली जानकारी के अनुसार रविवार 8 फरवरी को पुछेली के हसदेव नदी में जेसीबी की माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन चल रहा था। जानकारी मिलने पर कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम पहुंची तो मौके से जेसीबी मशीन भाग निकली वहीं सात हाइवा पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। बताया जाता है कि पुछेली में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन चल रहा है। अवैध रेत उत्खनन पर चाम्पा एसडीएम पवन कोसमा और बम्हनीडीह तहसीलदार अविनाश सिंह चौहान ने यहां के रेत माफियाओं पर कार्रवाई कर सात वाहनों को जब्त किया है। कुछ सप्ताह पहले भी यहां दोनों ने चार वाहनों पर भी कार्रवाई कर इस अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की कोशिश की थी। चांपा एसडीएम पवन कोसमा ने बताया कि सात वाहनों पर कार्रवाई की गई है। वाहनों के ड्राइवर वाहन छोड कर मौके से भाग गये हैं। वाहन के नंबर से मालिकों का पता कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बम्हनीडीह तहसीलदार अविनाश चौहान ने बताया कि टीम द्वारा लगातार पुछेली बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रेत के उत्खनन पर परिवहन की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जा रही है।




जब्त हाइवा।

### गोदाम के पीछे जुआ खेल रहे छह जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीडीह में शासकीय गोदाम के पीछे जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 7110 रुपए नगद व तास पत्ती को जप्त किया गया। पकड़े गए जुआरियों में करण बघेल पिता राजेश बघेल उम्र 26 वर्ष ग्राम पेण्ड्री थाना मस्तूरी, सूरज कुमार कुर्रे पिता कमल कुर्रे उम्र 26 वर्ष ग्राम सीपत थाना सीपत, अजय कुमार रात्रे पिता कमल प्रसाद रात्रे उम्र 37 वर्ष ग्राम अर्जुनी थाना अकलतरा, प्रकाश पटेल पिता शरन पटेल उम्र 29 वर्ष तोरवा बिलासपुर,ओमप्रकाश केवट पिता लखन लाल केवट उम्र 29 वर्ष तोरवा बिलासपुर, मुकेश कुमार महिलांगे पिता स्वर्गीय जयराम प्रसाद उम्र 30 वर्ष सीपत शामिल है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलमुला पारस पटेल, थाना प्रभारी अकलतरा भास्कर शर्मा, प्रमोद महार, राजमणि द्विवेदी, भूपेंद्र कंवर, सनोहर जगत, ओमप्रकाश डहरिया, गोपेश्वर पटेल, राजा जयप्रकाश रात्रे का विशेष योगदान रहा।



शासकीय भूमि पर बेजाकब्जा कर बना रहे मकान।

## शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बना रहे मकान, ग्रामीणों ने कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने संबंधित लोगों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत चोरभट्टी में कुछ लोगों के द्वारा शासकीय जमीन पर बेखौफ कब्जा करके मकान निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं इसकी खरीद बिक्री भी की जा रही है। गांव के मुख्य मार्ग पर लगे करोड़ों रुपए के लागत के शासकीय भूखंड को एक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से मकान व दुकान निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत पूर्व में ग्रामीण द्वारा तहसील कार्यालय जैजैपुर में की गई थी। 5 फरवरी को कार्यपालिक दंडाधिकारी तहसीलदार जैजैपुर द्वारा अवैध निर्माण पर रोक लगाने हेतु स्थगन आदेश जारी किया गया है। तहसीलदार के आदेश की अवमानना करते हुए उक्त व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य जारी रखा गया है, जिससे गांव में अशांति का माहौल निर्मित होते चले जा रहा है। ग्रामीणों ने उक्त भवन को राजसात करते हुए तहसीलदार के आदेश की अवमानना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे एकजुट होकर आंदोलन करने बाध्य होंगे। मामले में अन्य व्यक्ति जो शासकीय भूखंड में अपना कब्जा बताकर खरीदी बिक्री में सक्रिय है, उसके खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

**की जाएगी कार्रवाई**

अवैधानिक कार्य में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासकीय भूखंड पर कब्जा करने वाले बक्से नहीं जाएंगे।

**-संजय मिंज,**
तहसीलदार जैजैपुर

दिलीप षडंगी, आरू साहू व सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा देंगी अपनी प्रस्तुति

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव व एग्रीटेक कृषि मेले का आयोजन 11 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ऐतिहासिक जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एंव एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन हाईस्कूल मैदान में 11 फरवरी से होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों, लोक कलाकार, कवि सम्मलेन, कृषक संगोष्ठी, कृषि यंत्रों के प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन होगा। वहीं छत्तीसगढ़ी लोक गायक दिलीप षडंगी, लोक गायिका आरू साहू,सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है।

जिले के शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी को जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला–2026 का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों, कवि सम्मलेन, कृषक संगोष्ठी, कृषि यंत्रों के प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में खेती-किसानी कार्यक्रम का शुभारंभ किसान सम्मेलन के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे से कृषक संगोष्ठी आयोजित होगी।

वहीं हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3:30 बजे से 6:00 बजे तक जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 6 बजे से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी तथा रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक दिलीप षडंगी अपनी प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रातः 10 बजे से कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसी दिन हाई स्कूल मैदान में दोपहर 3:30 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 6 बजे से 8 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शशिकांत यादव (मध्य प्रदेश), डॉ. आदित्य जैन (राजस्थान), गौरव चौहान (उत्तरप्रदेश), अमित शुक्ला (मध्य प्रदेश), प्रीति पाण्डेय (उत्तर प्रदेश), अभिषेक पाण्डेय (छत्तीसगढ़), मीर अली मीर, (छत्तीसगढ़) एवं बंशीधर मिश्रा (छत्तीसगढ़) द्वारा कविता पाठ किया जाएगा। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कृषि यंत्रों का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में दोपहर 3:30 से 5 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 5 से 6 बजे तक स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा शाम 6 से 8 बजे तक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से सारेगामा विजेता एवं बॉलीवुड सिंगर इशिता विश्वकर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी।



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

## खबर संक्षेप



### दमखांचा में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम दमखांचा में डीएमके कप स्व.कु.रागिनी पैकरा की स्मृति में टेट्रान बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। डीएमके कप ग्राम दमखांचा में लगातार 8वां वर्ष आयोजित किया, जिसमें फ़ाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्रीमती अशोका कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत वन समिति कोरबा, सत्यनारायण कंवर अध्यक्ष सचिव संघ करतला, जीवन बिंझवार, लखेश्वर साहू, सुरेश साहू, पवन कुमार कंवर सरपंच कराईनारा, भोजराम कंवर सरपंच पहाड़गांव, प्रताप सिंह कंवर उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत किया इसके पश्चात टास किया गया फ़ाइनल मैच सिवनी वर्सेस तुमान के मध्य खेला गया। सिवनी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया सिवनी के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में 94 रनों का लक्ष्य दिया। तुमान के टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 ओवरों में 46 रन ही बना सकी और 48 रनों से यहां मैच सिवनी ने जीत हासिल कर लिया।

### मृत्यु के भय से मुक्त कर मोक्ष तक पहुंचाती है भागवत कथा



**हरदीबाजार।** हरदी बाजार क्षेत्र के ग्राम बम्हनीकोन में यादव परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा 2 फरवरी से प्रारंभ हुआ है, जिसका विश्राम 10 फरवरी को हवन, गीता पाठ, तुलसी वर्षा, ब्राह्मण भोजन के साथ होगा। भागवत कथा का रसपान करा रही राष्ट्रीय भगवताचार्य पूज्या दीदी हेमलता शर्मा ने उपस्थित भक्तबिंदो को बताया कि जो भगवान के शरण में आ जाते है भगवान उनको चौरासी के चक्कर से मुक्त कर देते है। श्रीमद भागवत कथा सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि मृत्यु के भय से मुक्त कर देने वाला महापुराण है। यह ग्रंथ भक्ति आत्मज्ञान और मोक्ष की ओर ले जाने वाली अद्भुत कृति है। साथ ही उन्होंने जीवन मूल्यों से जुड़ी शिक्षाओं, भक्ति के मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** बेलाकछार बालको में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के बारहवें वर्ष का शुभारंभ किया गया। प्रथम मैच बॉयज स्पॉटिंग क्लब बालको और देवपहरी स्टार के बीच खेला गया जिसमें बालको की टीम 13 अंकों से विजेता रही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दोन्दरो के सरपंच बंधन सिंह कंवर, उपसरपंच प्रमिला पटेल, वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद हितानन्द अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य बलराम साहू, पंच सुफल दास, अनिल दास, विनोद प्रजापति, वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी रामाधार चन्द्रा, नेहरू लाल वर्मा, नागेश ठाकुर, जे एल वर्मा, अमर दास साहू के अलावा गणमान्य नागरिक मनहरण पटेल, देव लाल यादव, के पी मनहर, छोटू लाल देवांगन, रेशम लाल साहू एवं समिति के सलाहकार राजेश धीवर, संजू धुर्वे, अभय यादव, अमित शर्मा, योगेश पटेल, राम सहाय पटेल उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन लीकेज से कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित, हो रही जल की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की जल प्रदाय व्यवस्था एक बार फिर प्रभावित हो गई। अंचल के कोहड़िया क्षेत्र अंतर्गत एक स्थान पर मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने से ओवरहेड टैंकों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं हो सकी। नगर निगम का तकनीकी अमला इस खराबी को ठीक करने में लगा है।

अलग खबर

इस खामी के बनने पर ही जल आपूर्ति संभव होगी। जानकारी के अनुसार नगर निगम के मुख्य जलोपचार संयंत्र कोहड़िया से पानी का शुद्धिकरण करने के साथ इसे निगम क्षेत्र के विभिन्न ओवरहेड टैंक तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद तय शेड्यूल में वहां से आसपास के क्षेत्रों के लिए जल आपूर्ति की जाती है। कोहड़िया क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित एक स्थान पर मुख्य पाइप लाइन में अज्ञात कारण से लीकेज की समस्या हुई। यह लीकेज काफी बड़ा था और इसके कारण यहां से बड़ी मात्रा में पानी का बहाव जारी रहा। तत्पश्चात पाइप लाइन से ओवरहेड टैंक तक पानी पहुंचने में समस्याएं हुई। ऐसे में स्वाभाविक रूप से न तो ओवरहेड टैंक पर्याप्त स्तर तक भरे जा सके और न ही वहां से आगे जलापूर्ति की जानी संभव हो सकी। बताया गया कि बड़े हिस्से में पानी आपूर्ति नहीं हो सकी। समस्या को देखते हुए नगर निगम की जल प्रदाय शाखा के तकनीकी अमले ने समस्याग्रस्त स्थान पर आवश्यक सुधार कार्य शुरू किया है। अधिकारियों के निर्देशन में यह काम चल रहा है। कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि हरसंभव कोशिश की जा रही है कि खराबी को ठीक किया जाए और संबंधित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## ओव्हर हेड टैंक तक नहीं पहुंच रहा था पानी

**खास बातें**

- निगम की जल प्रदाय शाखा जुटी मरम्मत कार्य में, मरम्मत के बाद शुरू हुआ जल आपूर्ति



## बैंक मैनेजर निजी काम से परिवार सहित गया था रायपुर

# एसबीआई के मैनेजर के घर चोरों का धावा, लाखों के जेवर ले भागे



चोरी के बाद बिखरा सामान।





जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसबीआई के चीफ मैनेजर के सूने मकान को चोरों ने धावा बोलकर लाखों का सोना पार कर दिया है। चोरी का मामला सामने आते ही पुलिस फारेंसिक व खोजी डॉग की मदद से पुलिस अपराधियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कररही है। हालांकि पुलिस को चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दादर रोड में शुक्रवार की रात हुई चोरी की वारदात

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दादर रोड की है। बताया जाता है कि दादर रोड निवासी एसबीआई के चीफ मैनेजर राजू मोदी शुक्रवार की सुबह सपरिवार किसी काम से अपने घर में ताला बंद कर रायपुर गए हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे लाखों रूपये कीमती सोने के स्वर्ण आभूषण लेकर फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि राजू मोदी जब शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे वापस अपने घर पहुंचा तो देखा की घर का सारा सामान अस्त व्यस्त है। जिससे यह साफ हो गया कि चोरों ने हाथ फेर दिया है और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चोरी की सूचना पर मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर, खोजी डॉग बाघा, फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कैश और लैपटॉप छोड़ गए चोर

राजू मोदी ने पुलिस को जानकारी दी है कि चोरों ने घरसे सोने के सामनों की ही चोरी की है, जबकि घर में रखे लगभग 20 हजार रुपये नकद और लैपटॉप जैसे कीमती सामान भी रखे थे, लेकिन चोरों ने उन्हें हाथ तक नहीं लगाया है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसमें रात लगभग 11 बजकर 10 मिनट पर एक शातिर चोर दीवार फांदकर घर में घुसता हुआ नजर आ रहा है। परिवार के पहुंचने से कुछ समय पहले ही चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वालों पर गिरी पुलिस की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर फरार्टे भरते हुए स्टंटबाजी करने वाले मनचले युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को फिर से शहर में दर्जनों युवक फर्राटे भर रहे हैं। नगर पुलिस अधीक्षक इस दौरान शहर के पेट्रोलिंग पर थे, जब उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल टीपी नगर चौक पर ही यातायात पुलिस के साथ मिलकर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी और 8 से अधिक मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वाले लोगों की गाड़ी को जब्त कर सख्ती से कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वाले चालको के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार की रात नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने टीपी नगर चौक में विशेष अभियान चलाया और उनकी टीम ने फरार्टे भर रहे बाइक चालकों की शहर के अलग अलग चौक चौराहों में घेराबंदी की। जहां अभियान का मुख्य उद्देश्य उन मोटरसाइकिल चालकों पर कार्रवाई करना था जो तेज गति से वाहन चला रहे थे, लापरवाह ड्राइविंग एवं खतरनाक स्टंट कर रहे थे, तथा तेज आवाज

**खास बात**

- सीएसपी व यातायात पुलिस ने टीपी नगर चौक पर की कार्यवाही

* **कोरबा।** एक ओर जहां लोग छोटी से छोटी समस्याओं या जरूरतों पर निजी अस्पतालो की ओर रुख करते हैं और डिलीवरी जैसे जीवन - मरण का सवाल होने पर लगभग अधिकांश जनसमुदाय प्राइवेट अस्पतालों निजी क्लिनिक पर जाना पसंद करते हैं।

# वार्ड वासियों की मांग अनुसार कार्य हों हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्डवासियों व आमजन की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप वार्डों में विकास कार्य किए जाएं, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जनता जनार्दन की मांग को पूरा करना, मैं अपना प्रथम कर्तव्य समझता हूं।

विधानसभा चुनाव के दौरान शिवनगर बिरसामुन्डा मोहल्ला के नागरिकबंधुओं एवं शिव फाउंडेशन के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग मेरे समक्ष रखी गई थी, उनकी मांग का सम्मान करते हुए 25 लाख रूपये की लागत से यह भवन बनाया गया है, आज यह भवन यहाँ की जनता जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित किया गया, अब बस्ती के लोगों को अपने विभिन्न आयोजनों, कार्यक्रमों के लिए एक सुविधापूर्ण स्थान उपलब्ध हो चुका है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बालको जोनांतर्गत वार्ड क्रमांक 47 व 39 में भूमिपूजन व लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर लोगों के दुख दर्द को दूर किया है, तो वहीं देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि डॉ.रमन सिंह ने अपने 15 वर्ष के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश का ऐतिहासिक रूप से विकास किया, दर्जनों योजनाएं चलाई और अब आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरी इच्छाशक्ति व समर्पण के साथ छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं तथा उनके मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है।

**न्यायालयः प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारीः प्रवीण मिश्रा)**

प्रोसेस क्रमांक- 26/2026
सक्सेशन प्र.क्र.-02/2026
पेशी तिथि - 03/03/2026

**ईश्तहार**

अंशुल जान वगैरह........आवेदकगण

**विरूद्ध**

आम जनता वगैरह........अनावेदकगण

अंशुल जान पिता विस्टर जान निवासी वार्ड क्रमांक- 09 पामगढ़, थाना व तहसील- पामगढ़, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा यह लेख किया गया है कि मृतका सरिता चौहान जो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागाँव विकास खंड खरसिया जिला रायगढ़ के प्राचार्य से उसके समस्त आस्तियों एवं अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में संपर्क करने पर प्राचार्य द्वारा बताया गया कि मृतिका सरिता चौहान के नाम से लगभग 6,00,000/- रूपये जमा राशि है परंतु उसके सर्विस बुक में नामनी काजोल का नाम दर्ज है इसलिए सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की आवश्यकता है । अतः आवेदक अंशुल जान द्वारा उक्त राशि को प्रदाय किए जाने बाबत इस न्यायालय में उत्तराधिकार आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अनावेदक आम जनता (जिनका हित निहित हो) को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि - 03/03/2026 समय 10.30 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।

यदि किसी कारणवश दिनांक 03/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

न्याधीश

आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**(प्रवीण मिश्रा)**
**प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर चांपा. (छ.ग.)**

**/ / ईश्तहार //**

क्रमांक / Q / तह. / ज.मृ./ 2025
नवागढ़ दिनांक 27/01/2025
ग्राम - सेमरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बालमिकी पिता सुनाराम जाति केवट साकिन सेमरा तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं .13... ग्राम-सेमरा में अपने / अपनी (रिश्ता लिखें) पुत्री नाम शांति बाई के जन्म दिनांक 20/07/1980 को होने से, जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो, तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 17/02/2026. के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**नवागढ़**

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
* नसों से सबधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा M : 96915 53615

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठानः सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन
• दाँतों की जड़ों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# चिरंजीवी की 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' ओटीटी पर मचाएगी तहलका

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' संक्रांति के मौके पर 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जिन लोगों ने उस वक्त फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया था, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने का मौका मिलेगा। निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज तारीख जारी कर दी है। एक खुशखबरी यह भी है कि फिल्म को तेलुगु के अलावा हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा जिससे हिंदी पट्टी के दर्शक भी इसे देख सकेंगे। चिरंजीवी की फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' जी5 पर दस्तक देगी। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन दिया, '11 फरवरी को आ रही है! अब तक की सबसे बड़ी घोषणा।

## लाइफ Style



# रश्मिका
## शाहिद के संग फिर बनेगी जोड़ी

शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' से चर्चा में है, जिसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई। कृति सैनन भी फिल्म का हिस्सा हैं, और इस तिकड़ी को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस बीच, हालिया जानकारी में बताया गया है कि शाहिद और रश्मिका एक अन्य फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। दोनों से जब बिना शीर्षक वाली आगामी फिल्म के लिए बातचीत की गई तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद और रश्मिका 'बधाई हो' और 'मैदान' के निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा की अगली फिल्म में साथ नजर आएंगे। यह अनाम फिल्म रोमांस और कॉमेडी का एक नया मिश्रण पेश करने का वादा करती है, जिसका निर्माण सुनीर खेत्रपाल, वर्मिलियन वर्ल्ड बैनर के तहत जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। सुनीर इससे पहले जॉन अब्राहम अभिनीत 'रॉकी हैंडसम', वरुण धवन की 'बदला' और 'फर्रे' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शाहिद और रश्मिका इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग इसी साल अगस्त या सितंबर महीने से शुरू कर देंगे। फिलहाल अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रचार में व्यस्त हैं जो 13 फरवरी को रिलीज हो रही है। इसके अलावा, अभिनेता ने अपनी वेब सीरीज 'फर्जी' के दूसरे सीजन को लेकर भी संकेत दे दिया है। राज और डीके द्वारा निर्मित इस सीरीज में उन्हें दोबारा सनी के किरदार में देखा जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका-निक का नया एल्बम रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी सिंगर निक जोनास से शादी रचाकर सात समंदर पार बस गई हैं। उम्र में काफी फासला होने के बावजूद निक और प्रियंका की जोड़ी फैंस के बीच काफी पसंद की जाती है। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री और समझ है। इसी बीच 06 फरवरी को निक जोनास का नया एल्बम 'संडे बेस्ट' रिलीज हुआ है। देसी गर्ल ने पति को बधाई दी है। साथ ही ढेर सारी पुरानी फोटोज भी शेयर की हैं। शुक्रवार 6 फरवरी को निक जोनास का नया एल्बम रिलीज हुआ है।



# आजादी से काम नहीं कर सकती अमेरिका छोड़ने का बनाया मन

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। 'द टाइम्स ऑफ लंदन' से हालिया बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं। इस पर उनका जवाब था, 'शायद नहीं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं यहां आजादी से काम नहीं कर सकती हूं।' अपने इंटरव्यू में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने ट्रंप की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की।



# कोंकणा की वेब सीरीज को मिले कलाकार

**मुंबई।** अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा 'ए डेथ इन द गंज' और 'लस्ट स्टोरीज 2' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर पहले ही अपनी काबिलियत को सिद्ध कर चुकी हैं। फिलहाल अपनी आगामी वेब सीरीज को लेकर चर्चा में हैं जिसके कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर होने की संभावना है। ताजा जानकारी है कि इस सीरीज के लिए मुख्य कलाकारों की अभिनेत्री की तलाश आखिरकार खत्म हो गई है। यहां जानिए उन्होंने सीरीज के लिए किन सितारों पर दांव लगाया है। कोंकणा की आगामी सीरीज के लिए अदिति राव हैदरी और बरुण सोबती को फाइनल किया गया है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। वैसे तो दोनों सितारे कई वेब सीरीज का हिस्सा रहे हैं, जिसमें अदिति को खासतौर पर 'हीरामंडी' और बरुण को 'कोहरा', 'असुर' के लिए जाना जाता है।



# 'सनम तेरी कसम-2' का बनना तय...

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 2016 में रिलीज हुई थी जिसने लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल की। 2025 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया तो इसने लोगों तहलका ही मचा दिया। सिर्फ 3 दिनों में करीब 15 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया। फैंस बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं जिसके बनने की खबरें कई बार आईं, लेकिन निर्माता दीपक मुकुट ने सीक्वल की पुष्टि कर दी है। 'सनम तेरी कसम 2' के 10 साल पूरे होने पर निर्माता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मुझे बचपन से फिल्म निर्माण में दिलचस्पी रही है। सबसे ज्यादा मुझे इस बात ने आकर्षित किया कि मैं एक निर्माता बनकर इसे साकार करने में मदद कर सकूं। सनम तेरी कसम के साथ मेरा यह सपना साकार हुआ।

## टीवी मसाला



# द 50: अखाड़ा बना शो, पांच दिनों में सिर्फ दिखा वॉयलेंस

**मुंबई।** पूरे 50 सेलेब्स के साथ शुरू हुए शो 'द 50' ने ऑडियंस को एटंरटेन करने के बड़े दावे किए थे। ऐसा भी कहा गया कि ये शो रियलिटी शोज का बाप कहलाएगा लेकिन बीते 5 एपिसोड को देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लगता है। शो में एंटरेटनमेंट कम, लड़ाई-झगड़े ज्यादा हो रहे हैं। कुछ सेलेब्स दिख नहीं रहे। कई ऐसे हैं जिन्हें पता नहीं करना क्या है। बाकी के बचे हुए सेलेब्स अपना एग्रेशन दिखाने में बिजी हैं। अभी तक वायलेंस के लिए बिग बॉस की लड़ाइयों को ही याद किया जाता था लेकिन द 50 के झगड़ों के आगे बिग बॉस की फाइट कुछ नहीं दिखती। रजत ने लड़ाई में दिग्विजय को जोर का धक्का मारा था। उनकी गर्दन दबोची थी। बिना किसी इंटेंस लड़ाई के रजत को यूं आपा खोता देख सभी चौंके थे। कई कंटेस्टेंट्स ने इस बर्ताव पर नाराजगी जताते हुए कड़े एक्शन की अपील की थी लेकिन हुआ कुछ नहीं। लॉयन ने किसी को सजा नहीं दी। इसका नतीजा ये हुआ कि बीते एपिसोड में फिर से वॉयलेंस देखने को मिला।

***मैक्सटर्न और अर्चित के बीच हुआ झगड़ा :*** मैक्सटर्न और एल्विश यादव के दोस्त अर्चित कौशिक के बीच झगड़ा हुआ. गुस्से में अर्चित ने मैक्सटर्न को जोर का धक्का मारा कि वो नीचे गिर पड़े। ये सब देखकर लायन को गुस्सा आया। लॉयन ने ऑन द स्पॉट अर्चित के खिलाफ एग्जिट ऑर्डर पास किया। द 50 में जिस तरह खिलाड़ी आपा खो रहे हैं, वो देखकर लोगों का कहना है ये शो नहीं, अखाड़ा है। शो के फॉर्मेट पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### सेलेब्स के फीके तेवर

टीवी इंडस्ट्री, भोजपुरी सिनेमा और यूट्यूब की दुनिया के धुरंधर खिलाड़ी शो में अपना चार्म दिखाने में पीछे रहे हैं क्योंकि शो में इतने सारे सेलेब्स हैं, 1 घंटा एपिसोड आना है इसलिए भी कंटेस्टेंट्स को ज्यादा फुटेज नहीं मिल रही है। इस 1 घंटे में शो के हाई टॉपिक, ट्रेंडिंग सेलेब्स, लाइट मोमेंट्स, टास्क और झगड़े सब दिखाने हैं। मेकर्स के लिए इसे मैनेज करना बडी चुनौती है। यही वजह है कि बड़े सेलेब्स को लाने के बावजूद ये शो कमजोर दिख रहा है।

### सपांच दिन की रिपोर्ट में शो लगा बोरिंग

कंटेस्टेंट्स को अपना पोटेंशियल दिखाने का मौका नहीं मिल रहा है। पांच दिनों के रिव्यू में शो बोरिंग लगा है। शो में द ग्रेट खली, हिमेश रेशमिया को बतौर गेस्ट लाया गया। जो बेसिकली टास्क का हिस्सा बने लेकिन उनकी मौजूदगी भी शो के लिए बज क्रिएट नहीं कर पाई है। ऐसे में बड़ा सवाल है, कैसे इस थकेले फॉर्मेट के साथ ये शो 50 दिनों तक सर्वाइव कर पाएगा?

# सोनाक्षी पुलिस की वर्दी में फिर जमाएंगी रौब
# लौटेगा 'दहाड़' का दूसरा सीजन

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'दहाड़' में सोनाक्षी सिन्हा को पुलिस की वर्दी में देखना फैंस के लिए काफी दिलचस्प अनुभव था। अभिनेता गुलशन देवैया और विजय वर्मा भी इस सीरीज का अहम हिस्सा थे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर गहन छाप छोड़ी थी। पुलिस और क्राइम पर आधारित इस सीरीज के दूसरे सीजन सीजन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो जल्द खत्म होगा। सीरीज पर ताजा अपडेट आ गया है।

***राजस्थान में शुरू होगी 'दहाड़' के दूसरे सीजन की शूटिंग :*** मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, जोया अख्तर और रीमा कागती द्वारा निर्मित 'दहाड़' दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही है। टीम और कास्ट इसी महीने से राजस्थान में शूटिंग शुरू करने वाली है। बताया जाता है कि निर्माता लंबे समय से दूसरी किस्त



के लिए कहानी तय करने में लगे हुए थे, जो फाइनल हो चुकी है और पिछले कई महीनों से प्री-प्रोडक्शन में है। निर्माता इसे दोबारा से बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं।

### 'दहाड़' की कहानी और कास्ट

'दहाड़' का पहला सीजन मई, 2023 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था जिसके जरिए सोनाक्षी ने अपना डिजिटल डेब्यू किया था। इसमें उन्होंने सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी की भूमिका निभाई थी जिसे राजस्थान के सार्वजनिक शौचालयों में रहस्यमयी मौतों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। विजय ने खतरनाक सीरियल किलर का किरदार निभाया था। उनके अलावा सोहम शाह भी इसका हिस्सा थे। बता दें, 'दहाड़' बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रीमियर होने वाली पहली भारतीय वेब सीरीज है।

# 'सैयारा' की वापसी, दोबारा शुरू हुआ
# अहान से इश्क का सफर

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे 2026 के जश्न को दोगुना करने के लिए अहान पांडे और अनीत पड्डा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' फिर सिनेमाघरों में लौट आई है। आठ महीने पहले पर्दे पर अपनी केमिस्ट्री से आग लगाने वाली ये जोड़ी अब दोबारा दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। साल 2025 की इस सुपरहिट लव स्टोरी को खासतौर पर 'वैलेंटाइन वीक' के लिए री-रिलीज किया गया है ताकि फैंस बड़े पर्दे पर इस इश्क के सफर को फिर से जी सकें।

***7 से 13 फरवरी तक चलेंगे फिल्म के शो :*** वैलेंटाइन डे से पहले प्रशंसकों को सरप्राइज देते हुए अहान और अनीत की 'सैयारा' 7 फरवरी से दोबारा सिनेमाघरों में लौट आई है। हालांकि निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के शो नजर आने लगे हैं। ये फिल्म 7 से 13 फरवरी तक मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे जैसे बड़े शहरों के चुनिंदा सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी, ताकि दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इस 'म्यूजिकल रोमांस' का लुत्फ उठा सकें।



### 'सैयारा' से दर्शकों के बीच छा गए थे अहान-अनीत

बता दें कि साल 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से अहान ने अपना फिल्मी सफर शुरू किया था, वहीं अनीत पड्डा पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं। पहली ही फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों ने इस जोड़ी पर इतना प्यार लुटाया कि ये रातों-रात नेशनल क्रश बन गए।

## अभिषेक को 2025 के फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का मिला था पुरस्कार
# अभिषेक बच्चन को इन फिल्मों ने ओटीटी पर दिलाई शोहरत

***मुंबई।*** *बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन 5 फरवरी, 2026 को 50 साल के हो चुके हैं। इंडस्ट्री में उन्हें अपने पिता अमिताभ बच्चन की तरह भले सुपरस्टार का दर्जा न मिला हो, लेकिन अभिनय के दम पर उन्होंने फैंस का ध्यान हमेशा आकर्षित किया है। पिछले कुछ साल से अभिषेक लगातार ओटीटी के जरिए तहलका मचा रहे हैं। उनकी कई फिल्में आईं जिन्होंने उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शोहरत दिलाने का काम किया है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है।*



### 'द बिग बुल' और 'बॉब बिस्वास'

साल 2021 में जियोहॉटस्टार पर रिलीज 'द बिग बुल' स्टॉक ब्रोकर हर्षद मेहता की जिंदगी और 1992 के वित्तीय घोटालों पर आधारित फिल्म है। कूकी गुलाटी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में हर्षद का किरदार प्रतीक गांधी ने निभाया है। उनके अलावा इलियाना डिक्रूज इसका हिस्सा हैं। अभिषेक की फिल्म 'बॉब बिस्वास' जी5 पर उपलब्ध है जिसे दीया अन्नपूर्णा घोष ने निर्देशित किया है। मुख्य किरदार अभिषेक ने निभाया है जो एक कॉन्ट्रैक्ट किलर बने हैं।

### 'दसवीं' और 'लूडो'


तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित 'दसवीं' हिंदी सामाजिक-कॉमेडी फिल्म है जिसमें अभिषेक के साथ निमृत कौर और यामी गौतम भी नजर आई हैं। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म की कहानी एक अनपढ़, भ्रष्ट मुख्यमंत्री गंगा राम चौधरी के इर्द-गिर्द घूमती है जो जेल में रहकर दसवीं की परीक्षा देने का फैसला लेता है। 2020 में अनुराग बसु द्वारा निर्देशित 'लूडो' एक डार्क कॉमेडी क्राइम एंथोलॉजी फिल्म है, जिसमें 4 अलग-अलग और दिलचस्प कहानियां दिखाई गई हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।

### 'आई वांट टू टॉक' और 'कालीधर लापता'

शूजित सरकार द्वारा निर्देशित फिल्म 'आई वांट टू टॉक' अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है, जिसकी कहानी बीमारी से जूझते पिता और उसकी बेटी के भावनात्मक रिश्तों को दर्शाती है। इसके लिए अभिषेक को 2025 के फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला था। जी 5 पर रिलीज 'कालीधर लापता' भावनात्मक हिंदी ड्रामा फिल्म है जिसमें अभिषेक ने अधेड़ उम्र का व्यक्ति (कालीधर) का किरदार निभाया है। उनके साथ उनके साथ बाल कलाकार दैविक भगेला मुख्य किरदार में हैं।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने सीखा समय प्रबंधन परीक्षा के तनाव को कम करना



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) में प्रधान पाठक संतोष तिवारी एवं शिक्षक नरेन्द्र राठौर के मार्गदर्शन में परीक्षा पर चर्चा 2026 के 9वें संस्करण में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 6 फरवरी को छात्र-छात्राओं, शिक्षक तथा अभिभावकों के साथ संवाद का प्रसार प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया सुबह 10 बजे सभी बच्चों को डिजिटल क्लास रूम में एकत्रित कर परीक्षा पर चर्चा की सीधा प्रसारण बच्चों को दिखा गया जिसमें बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ सूना परीक्षा के तनाव को कम करना, समय प्रबंधन, गेंमिग व पढ़ाई में संतुलन, रचनात्मकता को बढ़ावा देना, और परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लेना जैसी बातों को जाना और समझा कार्यक्रम के अंत संतोष तिवारी के द्वारा बच्चों को इस चर्चा पर विशेष प्रकाश डाला गया शिक्षक नरेन्द्र राठौर के द्वारा बच्चों को परीक्षा पर चर्चा के संबंध में स्कूल स्तर पर जानकारी दी गई जैसे विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन के पहले हाथ धुलाई, एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर बात की गई उक्त कार्यक्रम में शाला के बच्चों के साथ प्राथमिक शाला आमानारा के बच्चे, शिक्षक, अभिभावक, रसोईया लता, कविता, सफाई कर्मचारी राजकुमार उपस्थित रहे।

### दीपक को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम घिवरा निवासी दीपक कुमार कश्यप जो कक्षा 12



वी तक सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा में पढ़ाई करने के बाद स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई डी. पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर से किया है ।जूलॉजी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने के बाद उसी कालेज में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य करते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर से जूलॉजी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि दीपक कश्यप मनीराम कश्यप,सुशीला कश्यप के छोटे पुत्र है। उपाधि प्राप्त होने पर अमर कश्यप, लीना कश्यप,जितेंद्र वर्मा,बुद्धेश्वर कश्यप,राहुल कश्यप,राजेंद्र कश्यप,अंशु कश्यप,रिया कश्यप, श्रिया कश्यप,प्रियंका कश्यप,विद्या कश्यप, स्मृति कश्यप ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में गौसिया मेमन स्वर्ण पदक से सम्मानित

**चांपा।** एमएमआर कॉलेज चांपा में 4 फरवरी को वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह



का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि श्रीमती कल्पना सिंह द्वारा सरस्वती पूजन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति ने कार्यक्रम के वातावरण को और भी सुमधुर बना दिया। समारोह के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान किया गया। इसी क्रम में बीए अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र गौसिया मेमन को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र गौसिया मेमन के माता-पिता की अनुपस्थिति में यह सम्मान उनकी ओर से विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने ग्रहण किया।


### देवरघटा में जी राम जी योजना पर मंडल स्तरीय कार्यशाला

**तनौद।** भाजपा कोडाभाट खरौद मंडल के देवरघटा में जी राम जी योजना को लेकर मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष द्वारा व्हीबीजीरामजी विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाब सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर डमरु मनहर संयोजक, गोविन्द यादव अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद, महेश्वर यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरौद , अजय साहू, जी रामजी जी (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) सनत साहू, बसंत यादव, शरद शर्मा, दिलीप दुबे, सीता राम उजिर , सुरेश केवट, मनेंद्र मनहर, रामहरि साहू एवं सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### ब्रजबिहारी सिंह

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम महंत के प्रतिष्ठित नागरिक



ठाकुर हरगोविंद सिंह के भतीजे ब्रजबिहारी सिंह का शनिवार 7 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शिवरीनारायण मेले में 52 सौ से अधिक लोगों को दी गई कानूनी जानकारी

# लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान करना सेवा भाव का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण के माघी पूर्णिमा मेले में 1 से 15 फरवरी तक प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष सुश्री आरती ठाकुर एवं प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती शीलू केशरी के द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह केन्द्र का मेले में स्टॉल लगाया गया है। यहां लोगों को कानून संबंधित जानकारियां निःशुल्क दी जा रही है। अब तक 5200 से अधिक लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारी प्रदान की जा चुकी हैं।

शनिवार सायंकाल क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश स्टॉल पहुंच कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के द्वारा माघी पूर्णिमा मेले में निःशुल्क कानूनी जानकारियां प्रदान करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारियां प्रदान करना सेवा भाव का काम है, उन्होंने स्वयं कानून से संबंधित पंपलेट को पढ़ कर लोगों को भी वितरण किया। तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी द्वारा स्टॉल में आने वाले लोगो को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा प्रतिषेध, बाल विवाह प्रतिषेध, टोनही प्रताड़ना, पीसीपीएनडीटी कानून, दीन-दुखियों तथा उपेक्षित लोगों को समान न्याय, मौलिक अधिकार, पर्यावरण सरंक्षण हेतु अभियान, विधिक साक्षरता अभियान से संबंधित विभिन्न पंपलेट प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, नायब तहसीलदार संजय बरेठ,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता बलराम मधुकर, भुनेश्वर बंजारे, भारत भूषण बंजारे, कुमार निराला, जीवन लाल कश्यप, गजेन्द्र बंजारे, कुंज बिहारी तुर्काने, देव प्रसाद साहू,पार्षद सुधांश तिवारी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व पार्षद शिवशंकर सोनी, सुरेश तिवारी, नीरज खूंटे, अरविन्द कुमार, पैरालिगल वालंटियर सहदेव दास महंत, नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, राजेश कश्यप, संतोष कुमार कश्यप, गजानंद कश्यप, मुख्यालय पटवारी दिलेश्वर प्रसाद कश्यप, रामेश्वर जगत, मोहन बनर्जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



पाम्लेट वितरित कर लोगों को नि :शुल्क जानकारी प्रदान करते न्यायाधीश, जनप्रतिनिधि व अधिवक्ता।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली टीम विजेता, मस्तूरी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

- नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ

ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में स्वर्गीय बिसाहुदास महंत की स्मृति में 7 फरवरी को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 51,001 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं मस्तूरी कबड्डी टीम उपविजेता रही, जिसे 31,001 रुपये एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान बिलासपुर टीम को 21,001 रुपये एवं चतुर्थ स्थान एनडी सरवानी टीम को 11,001 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संकट मोचन एवं स्वर्गीय बिसाहुदास महंत जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि किसान टोकन, धान खरीदी एवं मनरेगा को लेकर किसान और मजदूर परेशान हैं। मनरेगा बंद होने से मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है, जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी देशभर में "मनरेगा बचाओ आंदोलन" चला रही है। उन्होंने बेरोजगारों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास की बात कही। जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह ने भी किसान टोकन, धान खरीदी एवं मनरेगा को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इस अवसर पर सरपंच राजेश कुमार चौहान, उपसरपंच श्रीमती मंदाकिनी सुखेन बरेठ, अनिल प्रकाश सिंह, सुखेन बरेठ, रामफल चौहान, बालमुकुंद बरेठ, राजेंद्र बरेठ, फूलप्रसाद बरेठ, रंधवा राव, दिव्या पंच, मेहतर खैरवार, संतोष पाण्डेय, रथराम पटेल, चंदराम सोनी, बंटी धनंजल, बाबूलाल जायसवाल, राघवेंद्र नामदेव, दीपक बरेठ, ममता सिंह, काजल किरण सिंह, डी.आर. यादव, तिलेश्वर चंद्रा, परमेश्वर यादव, पूरीराम बरेठ, रामावतार अग्रवाल, छोटेलाल यादव, पप्पू भाई शक्ति, प्रमोद राठौर, रोशनलाल बरेठ, प्यारेलाल केवट, मदनलाल यादव, रवि पाण्डेय, दिनेश राठौर, दिलीप कुमार साहू, दिनेश सिंह राठौर, रोशन साहू, कृपाराम गबेल, सुरेश कुमार साहू, ओंकार सिंह, मोहन राठौर, गुड़ीराम राठौर, राकेश राठौर, दिलहरन बरेठ, योगेश राठौर, प्यारेलाल सूर्यवंशी, संतोष चौहान, प्रीतम बरेठ, मुकेश सागर, संजय साहू, सहस चौहान, मनीष केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**बलौदा।** विकास खंड बलौदा अंतर्गत शासकीय जनपद प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बुड़गहन मे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमे बच्चो द्वारा विविध साज सज्जा से सुशोभित विविध कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई जिसे देखने के लिए सुबह से ही विभिन्न मोहल्ले के लोग इकट्ठे हुए। कार्यक्रम मे विशेष रूप से श्री नवल किशोर सिंह सरपंच ग्राम पंचायत बुड़गहन, श्रीमती बबीता रविवच्चन रात्रे सभापति जिला पंचायत जांजगीर, अश्वनी दिनकर सभापति जनपद पंचायत बलौदा, मती अजयशशी जगत पूर्व सरपंच, दुर्गा देवी बरेठ विधायक प्रतिनिधि, प्रधान पाठक बाला राम कुर्रे, सतानंद भट्ट, संकुल समन्वयक रंजीत सिंह तंवर, शिक्षक स्टाफ मे बसंत कुमार देवांगन, रंजीत कुमार कंवर, सुरेश कुमार किरण, कृष्ण कुमार प्रधान, हेमराज मरकाम, विनोद कुमार कंवर, रामनारायण सिंह, बी एड प्रशिक्षार्थी एस एम सी सदस्य ग्राम पंच एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे ।

# शिक्षा, संस्कार और संगठन ही समाज की वास्तविक ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- स्नेह सम्मेलन में प्रदेशभर के स्वर्णकार समाज की ऐतिहासिक सहभागिता

सोनार समाज कल्याण समिति सक्ती के तत्वावधान में सोनार समाज स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्नेह सम्मेलन के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, वहीं समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनके अनुभव और योगदान को नमन किया गया।

इसके साथ ही समाज के वार्षिक कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया, जिसमें आगामी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में निर्विकार वर्मा (सोनी) डीआईजी सीआईएसएफ, अनिल सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़, ए के सोनी बिलासपुर, संतोष गुप्ता (सोनी) रहौद, शेखर सोनी अंबिकापुर, नरेश स्वर्णकार रायगढ़, शिरीष सोनी रायपुर, मनहरण लाल सोनी मुंगेली, परमेश्वर स्वर्णकार चाम्पा, ध्रुव कुमार सोनी खैरागढ़, कृष्ण कुमार सोनी लोरमी, रामबाई स्वर्णकार चाम्पा एवं डाली सोनी धमतरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, संस्कार और संगठन ही किसी भी समाज की वास्तविक ताकत होते हैं। सोनार समाज जिस प्रकार प्रतिभाओं को सम्मान, युवाओं को अवसर और वरिष्ठजनों को आदर दे रहा है, वह समाज को निरंतर प्रगति की ओर ले जाने वाला मार्ग है। आयोजन को सफल बनाने में सोनार समाज जिला–सक्ती के अध्यक्ष लाला सोनी के नेतृत्व में पूरी टीम की भूमिका सराहनीय रही। आयोजन समिति में कमलेश्वर सोनी, चोखेलाल सोनी, नरेंद्र सोनी, सत्येंद्र सोनी, ऐश्वर्य सोनी, अभिषेक स्वर्णकार, नीलकंठ सोनी, दुष्यंत सोनी, चिरागिनी सोनी, मालती सोनी, रंजनी सोनी, लता सोनी, मिनाक्षी सोनी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। युवा संगठन की ओर से सोमेश सोनी, कामेश सोनी, शुभम सोनी, शिवम सोनी, तरुण सोनी, हिमांशु सोनी, घनिष्क सोनी, उज्ज्वल सोनी, पार्थ सोनी, नोवेल सोनी सहित समाज के लोग उपस्थित थे।




अतिथि का स्वागत करते समाज के लोग।

## बोराई नदी पर एनीकट स्टापडेम निर्माण का भूमि पूजन

**मालखरौदा।** जिले के मालखरौदा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भडोरा के बोरई नदी भातमहुल जाने वाला रास्ता तरफ बोरई नदी चौतालखड़ डोंगापथरा के नीचे पर एनीकट स्टॉपडेम निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मालखरौदा निर्मल सिन्हा के आतिथ्य में संपन्न हुआ बोराई नदी तट राह रपटा का निर्माण कार्य हेतु 1297.19 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस एनीकेट स्टॉपडेम निर्माण से ग्राम पंचायत भडोरा एवं रिवाडीह के ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिलेगा वहीं किसानों को बोराई नदी स्थित भूमि पर कई तरह के फसल उगाने में सुविधाएं उपलब्ध होगा। ग्राम पंचायत भडोरा सरपंच श्रीमती कुमारी बाई जीवन चंद्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भडोरा के बोरई नदी चौताल के पास डोंगापथरा के नीचे पर एनीकेट स्टॉपडेम बनाने की भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भडोरा सरपंच श्रीमति कुमारी बाई जीवन चंद्रा,उप सरपंच पुष्पेन्द्र चंद्रा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे हैं।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से होता है व्यक्तित्व का विकास : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मां गायत्री संस्कृत उच्च.माध्य. विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

ग्राम कटनई के मां गायत्री संस्कृत उच्च.माध्य. विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अंतराष्ट्रीय भागवताचार्य एवम् ज्योतिषाचार्य गिरधर शर्मा के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती पूर्णिमा कश्यप के अध्यक्षता रज्जू कोशले के विशिष्ट आतिथ्य एवं दीपक साहू व फिरोज कश्यप के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरधर शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों के शारीरिक, नैतिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है कार्यक्रम से बच्चों में निखार आता हैं उनकी प्रतिभा को बढ़ाता हैं सभी विद्यार्थियों को सदाचरण करना चाहिए बड़ों का आदर सम्मान एवं छोटों से स्नेह विनम्रता रखनी चाहिए प्रतिदिन अपने आराध्य का ध्यान करना चाहिए जिससे आत्म विश्वास बढ़ता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति,कर्मा, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं गीत व प्रेरणापद नाटक की प्रस्तुतिया ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर साहू कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक ने किया एवं आभार प्रदर्शन लक्ष्मण प्रसाद साहू विद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक कमलेश भारद्वाज, रामसनेही खांडे, किरण कौशिक ,राधेश्याम कर्ष, रामकुमार पोर्ते, इंदू यादव, द्रोपति कंवर, अनिता कश्यप, अश्वनी पाटले, दीप्ति कौशिक, शैलेश साहू, गंगोत्री कंवर, राधिका यादव, संतोषी, पायल, दीपावली, संध्या, नितमा, आदित्य, सुशांत, नीरज, भावना, अर्चना, ज्योति, खुशबू, किरण, ऋतु, कुमकुम, विजेता नेहा,गुलशन, लखेश्वर, प्रसांत एवं छात्र छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।




# साहू संघ का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लवसरा परिक्षेत्र साहू संघ में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में जिला साहू संघ सक्ती के जिला अध्यक्ष प्रकाश साहू ने लवसरा परिक्षेत्र के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया।

शपथ ग्रहण करने वालों में परिक्षेत्र अध्यक्ष भोलाशंकर साहू, उपाध्यक्ष राकेश साहू, महिला उपाध्यक्ष सुनैना साहू, संगठन सचिव शांतिलाल साहू, महिला संगठन सचिव, सचिव दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, रजनी साहू शामिल रहे। इस अवसर पर जिला साहू संघ सक्ती के जिला अध्यक्ष प्रकाश साहू ने कहा कि लवसरा गांव की मिट्टी में उनकी आत्मा बसती है। समाज ने उन्हें जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा, इसके लिए उन्होंने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साहू समाज आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। समाज में जागरूकता बढ़ी है और शिक्षा के माध्यम से समाज की दशा व दिशा में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री मेघाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कंवलघर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम साहू, जिला उपाध्यक्ष रीतू साहू, जिला संगठन सचिव प्रहलाद साहू, सक्ती तहसील अध्यक्ष प्रकाश साहू, डभरा तहसील अध्यक्ष ताराचंद साहू, बम्हनीडीह के पूर्व तहसील अध्यक्ष रूपनारायण साहू तथा जांजगीर जिला साहू संघ के कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, शांति ताराचंद साहू, तुलसी साहू व समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन भोलाशंकर शंकर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष लवसरा एवं परिक्षेत्र पदाधिकारियों द्वारा किया गया।




पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि।

# छात्र-छात्राओं को जैविक खेती के साथ जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- पं. रामसरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बहेराडीह गांव में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल द्वारा 'जैविक खेती अभियान' चलाया जा रहा है। किसान स्कूल की टीम द्वारा गांवों की चौपाल, स्कूल और कॉलेज में पहुंचकर ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं को जैविक खेती के लाभ और रासायनिक खाद के नुकसान से अवगत कराया जाता है।

इस दौरान सभी को जैविक खेती के महत्व से अवगत कराकर जागरूक किया जाता है। इसी के तहत किसान स्कूल की टीम, कुटरा गांव के पं. रामसरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची और 'जैविक खेती अभियान' के तहत छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जैविक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने छात्र-छात्राओं को जैविक खेती के हर पहलू से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज जैविक खेती बहुत आवश्यक है, क्योंकि रासायनिक खाद के अंधा-धुंध इस्तेमाल से उत्पादित खाद्य पदार्थों में भी रासायनिक खाद का प्रभाव रहता है और इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जैविक खेती से इन सभी समस्याओं को खत्म किया जा सकता है, क्योंकि जैविक खेती से उत्पादित खाद्य पदार्थ, मानव शरीर के लिए फायदेमंद साबित होता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने 'जैविक खेती' को लेकर सवाल भी पूछे, जिसका वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने सार्थक जवाब देकर छात्र-छात्राओं को संतुष्ट किया। इस मौके पर नवाचारी किसान रामाधार देवांगन ने छात्र-छात्राओं को 'वेस्ट से बेस्ट' के बारे में बताया और किसान स्कूल बहेराडीह में किए गए अनोखे नवाचार केले की शाखा के रेशे और भिंडी, अलसी, अमारी भाजी के डंठल के रेशे के साथ ही इससे बने कपड़ों के बारे बारीकी से जानकारी दी। इस पर रामाधार देवांगन ने रेशे निकालने और कपड़ा बनाने में होने वाली प्रक्रिया के बारे में भी बताया। इस दौरान किसान स्कूल के सदस्य राजकुमार साहू ने किसान स्कूल की स्थापना, किसानों को निःशुल्क ट्रेनिंग और अनेक नवाचार के साथ ही 'जैविक खेती अभियान' के उद्देश्य के बारे में बताया। यहां पराली नहीं जलाने और जल संरक्षण का भी संदेश दिया गया।




छात्र-छात्राओं को जैविक खेती व जल संरक्षण की जानकारी देते किसान स्कूल के संचालक।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411